Title: Re: Issues related to appointment of Technical Staff for operation of Water Tank.

श्री रविन्दर कुशवाहा (सलेमपुर): माननीय सभापति महोदय, मैं राष्ट्रीय जल-जीवन मिशन के बारे में बोलना चाहता हूँ । हमारे उत्तर प्रदेश में प्रधान मंत्री जी की महत्वकांक्षी योजना ? हर घर नल के द्वारा जल पहुंचाने की महत्वाकांक्षी योजना चल रही है और इसमें उत्तर प्रदेश में बहुत तेज़ी से काम हो रहे हैं । लेकिन हम आपके माध्यम से यह कहना चाहते हैं कि तमाम नगर पंचायतों में और ग्राम पंचायतों में पानी की टंकियां बन रही हैं । हर घर तक नल के द्वारा जल पहुंचाने के लिए पाइप लाइन डाली जा रही है । तमाम काम पूरे हो रहे हैं । पानी की टंकियां बन रही हैं । लेकिन बनने के बाद इन टंकियों को बनाने का जिम्मा नगर पांचायत और ग्राम पंचायत को हैण्डओवर कर दिया जाता है । क्योंकि नगर पांचायत और ग्राम पंचायत के पास इन पानी की टंकियों के संचालन के लिए कोई अपना टैक्नीकल स्टाफ नहीं है । जिसके कारण ये टंकियां बन कर के अपना उद्देश्य पूरा नहीं कर पा रही हैं । मैं अपना व्यक्तिगत कारण भी कहना चाहता हूँ कि इसी सदन तके मेरे पिताजी चार बार सांसद थे । सभापति जी, हमारे घर के ठीक सामने पानी की टंकी 20 सालों से बनी है, लेकिन एक बूंद पानी आज तक उस टंकी से सप्लाई नहीं हुआ है । यह हमारी व्यक्तिगत पीड़ा है । मैं दूसरी बार का सांसद हूँ और मेरे पिता जी चार बार के सांसद हैं । लेकिन हम अपने घर के सामने की पानी की टंकी को चालू नहीं करा पा रहे हैं । हम जिले की दिशा कमिटी के अध्यक्ष भी हैं । बहुत बार कहने के बाद भी यह काम नहीं हो रहा है । इसलिए सदन के माध्यम से मैं यह बात कहना चाहता हूँ कि यह नगर पंचायत और ग्राम पंचायत में जो पानी की टंकियां बन रही हैं, उनको चलाने के लिए टैक्नीकल स्टाफ की भर्ती की जाए । नहीं तो जिस योजना को ले कर प्रधान मंत्री जी आशान्वित हैं, वह काम पूरा नहीं होगा ।